# हिन्दी पखवाड़ा उद्घाटन समारोह: रिपोर्ट

1. झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय के राजभाषा प्रकोष्ठ द्वारा हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत हिंदी दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए हिंदी विभाग के सहायक प्रोफ़ेसर सह प्रभारी हिंदी अधिकारी डॉ उपेन्द्र कुमार सत्यार्थी ने बताया कि विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो क्षिति भूषण दास की अध्यक्षता में हिंदी पखवाड़ा का उद्घाटन समरोह 5 सितंबर को किया जाएगा। यह पखवाड़ा 5 से 20 सितंबर तक चलेगा। इस दौरान हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत विश्वविद्यालय के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के लिए अनेक कार्यक्रम और प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी, जिसमें हिंदी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, हिंदी टिप्पण एवं प्रारूपन लेखन प्रतियोगिता, फिल्म समीक्षा लेखन प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, पल्लवन लेखन प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, कवि सम्मेलन आदि शामिल हैं। उन्होंने बताया कि हिंदी पखवाड़े का समापन समारोह 20 सितंबर को किया जाएगा, जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर प्रमाणपत्र दिया जाएगा। इस पखवाड़े के दौरान माननीय कुलपति महोदय द्वारा हिंदी में अधिकाधिक कामकाज करने वाले किसी एक अधिकारी या कर्मचारी को 'विश्वविद्यालय गौरव सम्मान-2024' के लिए भी चुना जाएगा।
2. आज दिनांक 18 सितंबर 2024 को झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय में हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता मानव विज्ञान की प्रोफेसर सूचेता सेन चौधुरी ने किया। उन्होंने कहा कि कविता का जीवन से गहरा संबंध है इसलिए हम सभी को कविताएं पढ़ते तथा लिखते रहना चाहिए। इस कवि सम्मेलन में बहुत सारे युवा कवियों ने अपनी आश्चर्यचकित कर देने वाली प्रतिभा से श्रोताओं का मनोरंजन किया। अंग्रेजी विभाग के प्रणव ने हिंदी के आदिकाल से लेकर आधुनिक काल तक के कवियों का वर्णन करते हुए बहुत अच्छी कविता सुनाई। तत्पश्चात मृत्युंजय ने समकालीन घटना से संबंधित एक बहुत ही गंभीर कविता प्रस्तुत की। शिवनारायण तथा शिवांग मौर्य ने भी क्रमश अपनी अपनी कविता के माध्यम से श्रोताओं का मन मोह लिया। इस कवि सम्मेलन में संध्या, जया, ज्योत्सना, प्रीति, सुहाना आदि ने भी मनमोहक प्रस्तुतियां दी। सहायक आचार्य जगदीश सौरभ ने स्वरचित दो गजलों की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन शोधार्थी अंशु ने किया और धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी हिंदी अधिकारी डा उपेंद्र कुमार ने किया।

AQUAFINA

'हिन्दी के हम'
प्रो. क्षिति भूषण दास

झारखण्ड केन्द्रीय विश्वविद्यालय
हिन्दी पखवाड़ा
05-20 सितंबर, 2024
हिन्दी दिवस समारोह
सह
शिक्षक दिवस
दिनांक : 05 सितंबर , 2024
समय : 2:30 अपराह्न
'हिन्दी के हम'
मुख्य अतिथि
श्री विनय भूषण
वरिष्ठ पत्रकार व संपादक
अध्यक्षता
स्थान : शैक्षणिक परिसर सभागार, प्रथम तल
आयोजक : राजभाषा प्रकोष्ठ व हिन्दी विभाग

हिन्दु

# युवा कवियों ने अपनी कविताएं सुनाईं

रांची। केंद्रीय विश्वविद्यालय झारखंड (सीयूजे) में हिंदी पखवाड़ा के तहत बुधवार को कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। अध्यक्षता मानव विज्ञान की प्राध्यापक प्रो सुचेता सेन चौधरी ने की।

उन्होंने कहा कि कविता का जीवन से गहरा संबंध है, इसलिए हम सभी को कविता पढ़ते और लिखते रहना चाहिए। युवा कवियों ने अपनी कविताएं सुनाईं। अंग्रेजी विभाग के छात्र प्रणव ने हिंदी के आदिकाल से आधुनिक काल के कवियों का वर्णन करते हुए कविता सुनाई।

[redacted]